दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 05 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 336

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अफगानिस्तान में दुर्घटनावश विस्फोट,17 घायल

**शिबरगन।** अफगानिस्तान के जाजान प्रांत के अक्चा जिले में मंगलवार को दुर्घटनावश हुए विस्फोट में 17 लोग घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता फरीदून अनीक ने बुधवार को बताया कि जिले के बाजार में कल युद्ध के विस्फोटक अवशेष में दुर्घटनावश विस्फोट हो गया जिसमें कम से कम 17 लोग घायल हो गये। उन्हेंअस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारी के अनुसार एक व्यक्ति विस्फोटक अवशेष को बेचने के लिए इसे कबाड़ की दुकान पर लेकर गया था। गरीब लोग अक्सर पैसों के लिए इस तरह की वस्तुओं को खोजने के बाद बेचने की कोशिश करते हैं। अफगानिस्तान के इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादी समूह तालिबान के बीच अक्सर संघर्ष भी होते रहते हैं।

### फारस की खाड़ी में तनाव पर चर्चा की

**» पार्ली और शोइगू ने शस्त्र नियंत्रण**

**पेरिस।** फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने हथियार नियंत्रण और फारस की खाड़ी में मौजूदा तनावों को लेकर रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू के साथ फोन पर चर्चा की। फ्रांस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। सुपार्ली ने मंगलवार को शोइगू के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने हथियार नियंत्रण और संघर्ष के कई क्षेत्रों - यूक्रेन, फारस की खाड़ी, मध्य अफ्रीकी गणराज्य में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने संभावित सहयोग पर भी चर्चा की और कहा कि वे नौ सितंबर को अपनी अगली बैठक में इन मुद्दों को फिर से उठाएंगे।

### कैरेबियाई देश बहामास में तूफान, सात लोगों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** कैरेबियाई देश बहामास में आए तूफान डोरियन के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। बहामास के प्रधानमंत्री हुबर्ट मिनीस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि तूफान के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### इराक में इस्लामिक स्टेट के नौ आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** इराक के उत्तरी नाइनवेह प्रांत में सेना के एक अभियान में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के नौ आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना के ज्वाइंट ऑपरेशन कमान के प्रवक्ता याहया रसूल ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। अमेरिका के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय गठबंधन सेना की मदद से इराकी सेना की फाल्कॉन इकाई ने राजधानी मोसुल के अल-साहजी क्षेत्र में एक सुरंग को नष्ट कर दिया जिसमें आईएस के नौ आतंकवादी मारे गए। गौरतलब है कि इराक में 2017 के अंत में आईएस आतंकवादियों को पूरी तरह पराजित कर दिये जाने के बाद से सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके बावजूद आतंकवादी दूर दराज के और वीरान इलाकों में अब भी पनाह लिये हुए हैं। ये बीच-बीच में नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गुरिल्ला हमले करते रहते हैं।

### दिल्ली के द्वारका में ज्वैलर की हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके में बुधवार तड़के एक ज्वैलर की गल रेतकर कथित हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार डाबरी पुलिस थाना को मंगलवार रात दो बजकर 36 मिनट पर ज्वैलर की हत्या की सूचना मिली। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 37 वर्षीय ललित अग्रवाल के रूप में हुई है। वह मधु विहार में सांई बाबा मंदिर के पास पत्नी नेहा अग्रवाल, बेटे कृष्णा और बंशी के साथ रहता था। वह सत्यम ज्वेलर्स के नाम से गहनों का कारोबार करता था। रिपोर्ट के मुताबिक उसके घर पर सास और साली आए हुयी थीं। मंगलवार रात परिवार के लोग खाना खाकर सो गये थे। रात करीब ढाई बजे किसी ने धारदार हथियार से ललित का गला रेत दिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

# दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी पहुंचे रूस

**» भारतीय समुदाय के लोगों ने किया जोरदार स्वागत**

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम की बैठक में भाग लेने के लिए रूस के व्लादिवोस्तोक शहर पहुंच चुके हैं। व्लादिवोस्तोक इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके उनके सम्मान में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मोदी व्लादिवोस्तोक के सुदूर पूर्वी संघीय विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां भारतीय प्रवासियों ने शानदार स्वागत किया।



प्रधानमंत्री रूस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वह चार और पांच सितंबर की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मसलों पर बातचीत करेंगे। यह बैठक रूस के व्लादिवोस्तोक में हो रही है। मोदी भारत-रूस के 20वें सालाना शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

यात्रा पर रवाना होने से पहले मोदी ने यहां कहा कि वह आपसी हितों के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने मित्र और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत के लिए उत्सुक हैं और दोनों देशों की इच्छा आपसी संबंधों को और सशक्त बनाने की है। मोदी व्लादिवोस्तोक में आयोजित हो रही पांचवी ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में पुतिन के आमंत्रण पर जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि बहु ध्रुवीय विश्व में दोनों देश परस्पर सहयोग के लिए आगे आये हैं और उनकी यात्रा के समय एक विशिष्ट योग एप जारी किया जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि अधिक से अधिक रूसी भाई बहन अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करेंगे।

मोदी ने कहा कि उनकी पुतिन के साथ स्पेशल केमेस्ट्री है। उन्हें भरोसा है कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के मध्य संबंधों को नए आयाम, नई ऊर्जा देगी। तास की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और रूस 15 दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगे। इनमें सैन्य-तकनीक क्षेत्र भी शामिल हैं। इसके अलावा भारत रूस शिखर वार्ता भी इस ईईएफ कार्यक्रम से इतर की जायेगी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि भारत और रूस सैन्य तकनीकी को केवल ग्राहक और विक्रेता तक सीमित रहे। आज अगर तकनीक दी जाती है तो भारत में सैन्य उपकरणों का कम लागत में निर्माण हो सकेगा और इन्हें कम दामों में तीसरी दुनिया के देशों को बेचा जा सकेगा। उन्होंने भारत के मानव सहित स्पेस मिशन गगनयान की चर्चा करते हुए कहा कि रूस भारत के अंतरिक्ष यात्रियों की ट्रेनिंग में मदद करेगा।

सड़क निर्माण और परिवहन क्षेत्र में अब बेहतर तकनीक रूस से आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच सड़क निर्माण, परिवहन समेत कई क्षेत्रों में समझौता होने की संभावना है। इसी के साथ कच्चे तेल और गैस क्षेत्र में गहरे सहयोग के लिए पांच वर्षीय खाका तैयार किए जाने की उम्मीद है।

## पुलिसकर्मी ने तोड़ा ट्रैफिक नियम तो वसूला जाएगा डबल जुर्माना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मोटर व्हीकल एक्ट लागू होने के बाद अब ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ज्वाइंट कमिश्नर मीनू चौधरी ने दिल्ली के सभी पुलिसकर्मियों को आदेश दिया है कि ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करें.

आदेश में कहा गया है कि अगर किसी भी रैंक का पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ता हुआ पाया गया तो उससे डबल जुर्माना वसूला जाएगा. ज्वॉइंट कमिश्नर के आदेश के बाद पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई है.



गौरतलब है कि नए मोटर व्हीकल एक्ट में सेक्शन 210क्ष के तहत ऐसा प्रावधान है कि जिस अथॉरिटी पर इस नए मोटर व्हीकल एक्ट को लागू करने का अधिकार है, अगर उससे जुड़ा कोई शख्स इसका उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उससे किसी चालान का दोहरा जुर्माना वसूला जाएगा.

बता दें कि मोटर व्हीकल एक्ट लागू होने के बाद लोगों ने बाइक पर बिना हेलमेट लगाए घूमते पुलिसकर्मियों के फोटो खींचे और उन्हें ट्वीट कर दिया. ऐसे ही उत्तर पूर्वी दिल्ली में गौरव राय नाम के शख्स ने पुलिसकर्मी की फोटो ट्वीट कर दिल्ली पुलिस से पूछा कि क्या इनके भी चालान हो सकते हैं या ये सिर्फ आम आदमियों के लिए है.

वहीं दिल्ली निवासी हीरालाल ने भी वसंत कुंज इलाके से बिना हेलमेट सवारी करते पुलिसकर्मियों के फोटो ट्वीट कर सवाल किए. कुछ लोगों ने वीडियो भी ट्वीट की.

## महिला आयोग ने फिर जारी किया नोटिस

**» फिर मुश्किल में घिरी दिल्ली पुलिस**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** इन दिनों दिल्ली पुलिस को लगातार नोटिस मिल रहे हैं. यह नोटिस और कोई नहीं दिल्ली महिला आयोग एक के बाद एक जारी कर रही है. पहले एक मोबाइल एप को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने और गिरफ्तारियों की जानकारी की मांग की थी. अब मंडालवी इलाके में दिव्यांग गर्भवती महिला के साथ बच्चा चोरी के आरोप में मारपीट को लेकर आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी कर दिया है और मामले की जानकारी मांगी है.




दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. साथ ही एफआईआर की कॉपी और मामले में पहचान किए गए अभियुक्तों की सूची भी मांगी गई है. आयोग ने पुलिस से पूछा है कि पहचान लिए गए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने क्या कदम उठाए हैं और सभी आरोपियों को अभी तक क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया है.

दिल्ली के मंडावली इलाके में एक गर्भवती महिला के साथ बच्चा चोरी होने का आरोप लगाते हुए भीड़ ने बेरहमी से मारपीट की थी. महिला गर्भवती होने के साथ ही मूक और बधिर भी है. इस दौरान महिला गंभीर तौर पर घायल हो गई उसे बाद में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

पुलिस ने जानकारी दी कि महिला को कुछ समय पहले ससुराल पक्ष ने घर से बाहर निकाल दिया था और वह हर्ष विहार में सड़क पर रह रही थी. इसी दौरान यह अफवाह फैल गई कि वह बच्चा चोर है और लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, भीड़ ने उसके साथ मारपीट की.

## चन्द्रयान 2 ने सफलतापूर्वक पूरी की दूसरी डी-ऑर्बिटिंग

**» चंद्रयान 2 ने पार की एक और बाधा**

**बंगलुरु (आरएनएस)।** चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक ऑर्बिटर से अलग होने के दो दिन बाद बुधवार को चंद्रयान-2 की दूसरी डी-ऑर्बिटिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट किया, चन्द्रयान-2 की दूसरी डी-ऑर्बिटिंग की प्रक्रिया आज तड़के तीन बजकर 42 मिनट पर सफलतापूर्वक पूरी हुई।



डी-ऑर्बिटिंग का मतलब होता है एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाना और चंद्रयान-2 की पहली डी-ऑर्बिटिंग की प्रक्रिया मंगलवार सुबह सफलतापूर्वक पूरी हुई थी। चंद्रयान-2 दूसरी डी-ऑर्बिटिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने के बहुत करीब पहुंच गया है।

इस पूरी प्रक्रिया में नौ सेकंड का वक्त लगा और इसके बाद विक्रम लैंडर तेजी से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की तरफ बढ़ रहा है। चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर और लैंडर दोनों सही तरह से और सही दिशा में कार्य कर रहे हैं। भारत के राष्ट्रीय ध्वज को लेकर जा रहा चंद्रचान-2 सात सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 'सॉफ्ट लैंडिंग करेगा तथा और उस दौरान प्रज्ञान नाम का रोवर लैंडर से अलग होकर 50 मीटर की दूरी तक चंद्रमा की सतह पर घूमकर तस्वीरें लेगा।

इस मिशन में चंद्रयान-2 के साथ कुल 13 स्वदेशी मुखास्त्र यानी वैज्ञानिक उपकरण भेजे जा रहे हैं। इनमें तरह-तरह के कैमरा, स्पेक्ट्रोमीटर, राडार, प्रोब और सिस्मोमीटर शामिल हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक पैसिव पेलोड भी इस मिशन का हिस्सा है जिसका उद्देश्य पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की सटीक दूरी का पता लगाना है। इसरो ने कहा कि इस अभियान के जरिये हमें चंद्रमा के बारे में और अधिक जानकारी मिल सकेगी। वहां मौजूद खनिजों के बारे में भी इस मिशन से पता लगने की उम्मीद है। चंद्रमा पर पानी की उपलब्धता और उसकी रासायनिक संरचना के बारे में भी पता चल सकेगा।

इस अभियान पर लगभग 1000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यह अन्य देशों द्वारा संचालित ऐसे अभियान की तुलना में काफी कम है। यदि यह अभियान सफल रहता है तो भारत, रूस, अमेरिका और चीन के बाद चांद की सतह पर रोवर उतराने वाला चौथा देश बना जायेगा।

## सेना ने अरेस्ट किए पाक से घुसपैठ करने वाले दो लश्कर आतंकी

**जम्मू (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने लश्कर ए तैयबा से जुड़े दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आतंकी पाकिस्तानी हैं। इनके बारे में सेना की चिनार कॉर्प्स के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने बताया कि पाकिस्तान कश्मीर घाटी में शांति भंग करने के लिए ज्यादा से ज्यादा आंतिकयों की घुसपैठ कराने की कोशिश में है। 21 अगस्त को हमने दो पाकिस्तान नागरिकों को दबोचा है, जो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं।ज प्रैस कांफ्रेंस के दौरान सेना ने दोनों आतंकियों के कबूलनामे का वीडियो भी दिखाया। जारी किये गए वीडियो में आतंकी यह कहता नजर आ रहा है कि वह पाकिस्तान के रावलपिंडी के जलेबी चौक से ताल्लुक रखता है, और वह मुजाहिद्दी के लिए काम करता है।

इस दौरान उसने कई ऐसे खुलासे किए जिन्होंने एक बार फिर पाकिस्तान के नापाक मंसूबों की पोल खोल दी है। वीडियो में एक आतंकी जो चाय पीता दिख रहा है, उससे सेना ने पूछा कि चाय कैसे लगी। इस सवाल के जवाब में पकड़ा गया आतंकी मोहम्मद अजीम कहता है.. बहुत अच्छी।

## लंदन में पाक के लोगों ने किया हिंसक प्रदर्शन

**» भारतीय उच्चायोग पर फेंके अंडे-पत्थर**

**लंदन।** लंदन में पाकिस्तान मूल के लोगों ने कश्मीर को लेकर मंगलवार को हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान भारतीय उच्चायोग को निशाना बनाया। उन्होंने उच्चायोग की इमारत पर अंडे, टमाटर, स्मोक बम और पत्थर फेंके, जिससे खिड़कियों नुकसान पहुंचा। ऐसा पहली बार नहीं है कि प्रदर्शनकारियों ने ऐसा किया हो। इससे पहले 15 अगस्त को उच्चायोग में स्वतंत्रता दिवस मना रहे भारतीयों पर हमला किया गया था।

मार्च का नेतृत्व यूके की लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने किया। प्रदर्शनकारियों के हाथ में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का झंडा और प्लेकार्ड था, जिसपर लिखा था कश्मीर में गोलाबारी बंद करो और चिल्लाते हुए कह रहे थे हम आजादी चाहते हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हम नरेंद्र मोदी को यह संदेश देना चाहते हैं कि आप कश्मीर के लोगों को चुप नहीं करा सकते हैं। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से ब्रिटिश पाकिस्तानी और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) मूल के ब्रिटिश नागरिक शामिल थे।

भारतीय उच्चायोग ने बिल्डिंग परिसर में हुए नुकसानों की तस्वीर ट्वीट की और लिखा- लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने दूसरी बार हिंसक प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तानी मूल के लंदन के मेयर सादिक खान ने इस घटना की आलोचना की है। खान ने एक ट्वीट कर कहा, मैं पूरी तरह से इस अस्वीकार्य व्यवहार की निंदा करता हूं। बता दें, पाकिस्तानी उपद्रवियों ने अपने इस विरोध प्रदर्शन को कश्मीर फ्रीडम मार्च का नाम दिया था। यह मार्च पार्ल्यामेंट स्क्वेयर से शुरू हुआ और भारतीय उच्चायोग की बिल्डिंग तक पहुंचा।

## गिरफ्तारी के बाद सड़कों पर उतरे शिवकुमार के समर्थक, बसों में की तोड़फोड़

**» स्कूल-कॉलेज बंद**

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थक हिंसा पर उतर आए हैं। कर्नाटक में जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर इलाके में बसों को निशाना बनाया है। समर्थकों ने कई बसों पर पथराव किया और 2 बसों को आग के हवाले कर दिया है। रामनगर पुलिस ने बसों और सार्वजनिक वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी है।

वहीं बेकाबू हो रहे हालात को देखते हुए प्रशासन ने स्कूल कॉलेज को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक में कई जगहों पर प्रदर्शन करने की अपील की है। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। रामनगर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही आज रामनगर के सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।



कांग्रेस के कार्यकर्ता आज भी प्रदर्शन कर सकते हैं। एहतिहात के तौर पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की एक टीम को भी तैनात किया गया है।

कांग्रेस के संकटमोचक डीके शिवकुमार की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली से कर्नाटक तक कोहराम मच गया। बैंगलुरु में गिरफ्तारी की खबर आते ही डीके शिवकुमार के समर्थक सड़क पर उतर आए। बेकाबू समर्थकों ने सड़क जाम कर सरकारी बसों को आग के हवाले कर दिया।

डीके शिवकुमार को मंगलवार शाम ईडी ने दबोच लिया। दिल्ली में चार दिन से उनकी पूछताछ हो रही थी। गणेश चतुर्थी को ईडी दफ्तर जाते वक्त डीके शिवकुमार रो पड़े थे। गिरफ्तारी के बाद डीके शिवकुमार ने ट्वीट कर गिरफ्तारी को बदले की कार्रवाई बताया। डीके शिवकुमार ने कहा था, मैं अपने बीजेपी के मित्रों को बधाई देता हूं कि उन्होंने मुझे गिरफ्तार करने के मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। मेरे खिलाफ आईटी और ईडी केस राजनीतिक रूप से प्रेरित है। मैं बीजेपी की बदले की कार्रवाई का शिकार हूं।